दूषित पानी की आपूर्ति से जन आक्रोश

अमरमऊ में नल जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन और चॉबी चेंबरों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 24 फरवरी. केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री नल जल योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, लेकिन जिले के शाहगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में यह योजना अपने मूल उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है.

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदारों और संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. मिली जानकारी के अनुसार यह समस्या केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि शाहगढ़ क्षेत्र के अनेक ग्रामों में ऐसे हालात देखे जा सकते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइनों और चाबी चेंबरों की गुणवत्ता बेहद खराब है, कई स्थानों पर बीच सड़क पर बने चाबी चेंबरों में गंदा पानी भर जाता है और वहीं से सप्लाई लाइन में प्रवेश कर रहा है, इससे घरों तक पहुंचने वाला पानी दूषित हो रहा है. ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति गंभीर रूप ले सकती है. लोगों का कहना है कि दूषित पानी के कारण जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते संज्ञान नहीं लिया तो भविष्य में इंदौर के भागीरथपुरा जैसी घटना की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता, वहां दूषित पानी के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए थे. क्षेत्र के लोग नहीं चाहते कि ऐसी कोई अप्रिय घटना यहां घटित हो. कुछ दिन पूर्व कलेक्टर संदीप जीआर ने ग्राम पंचायत अमरमऊ का निरीक्षण किया था. उस दौरान ग्रामीणों की शिकायतों के आधार पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए थे.

कलेक्टर के निरीक्षण के अगले दिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सक्रिय नजर आया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिनों बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया, वर्तमान में स्थिति में कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिल रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि जब कलेक्टर के निर्देशों का भी पालन नहीं हो रहा है, तो आम जनता अपनी शिकायत लेकर किसके पास जाए? उनका आरोप है कि संबंधित कर्मचारी और ठेकेदार प्रशासनिक आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं. विशेषज्ञों के अनुसार दूषित पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड, हैजा सहित कई जलजनित रोग फैल सकते हैं, ऐसे में यदि समय रहते पाइपलाइन, चेंबर और जलस्रोतों की जांच एवं मरम्मत नहीं की गई, तो हालात बिगड़ सकते हैं. ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे शाहगढ़ क्षेत्र में नल-जल योजना की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए. साथ ही दोषी ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जा सके.

पात्र हितग्राहियों के नाम हटाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

भैरुंदा. प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली और पात्र गरीबों के नाम सूची से काटे जाने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील गोलिया के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने जनपद सीईओ संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और राजनीतिक द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया. कांग्रेस का कहना है कि भैरुंदा, गोपालपुर और लाड़कई क्षेत्र के कई ग्रामों में उन पात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं, जो कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हैं. शासन की योजना का लाभ हर गरीब को मिलना चाहिए. राजनीतिक द्वेषवश गरीब का हक छीना जाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने सीईओ श्री अग्रवाल से मांग की कि नामों के कटने की पारदर्शी जांच की जाए. हटाए गए पात्र हितग्राहियों के नाम अति शीघ्र सूची में पुन: जोड़े जाएं, बिना किसी पूर्व सूचना के नाम हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगे. अन्यथा ब्लॉक कांग्रेस आंदोलन करेगी.

विश्व चिंतन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

स्काउटिंग के जन्मदाता बेडेन पावेल का स्मरण किया, आगामी सत्र के कार्यक्रम तय

नवभारत न्यूज

सागर 24 फरवरी. विश्व चिंतन दिवस पर तिलक हाई स्कूल में श्रीमती कंचन सिंह एवं मंजू लता सोनी द्वारा बीपी एवं लेडी बीपीके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं स्काउट धर्मेंद्र विश्वकर्मा, राज साहू गाइड धनवती लोधी, लक्ष्मी आठिया खुशबू रैकवार, प्रीति राठौड़, सुबी रावत ,बेबी रावत द्वारा रंगोली एवं पर्यावरण से मित्रता पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा वर्ष 2026 की थीम पर हमारे मित्रता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर यह बताया कि यह आंदोलनसभी के लिए मित्रवत खुला हुआ है.

विश्व चिंतन दिवस केवल एक दिन नहीं है बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है यह दिन हमें सीखना है कि हमें अपने विचारों और कर्मों को समाज को भलाई और दुनिया के उज्जवल भविष्य के बारे में चिंतन करना चाहिए इस दिन का उद्देश्य है कि हम अपनी सोच और चिंतन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलावलाने के लिए प्रेरित करें. स्काउटिंग गाइडिंग के 100 वर्ष केवल एक संगठन का सफर नहीं बल्कि दुनिया को एक सूत्र में फिर होने का सफर है सच्ची मित्रता ही वह बीज है जिसमें मानवता का वृक्ष फलता फूलता रहता है. इसके पश्चात संगोष्ठी मे कॉर्डिनेटर कृष्णा साहू, डी.ओ.सी.चंद्रभान सिंह लोधी, जिला सचिव लीलाधर अहिरवार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गौरीशंकर शर्मा, राष्ट्रपति स्काउट रोवर भगवान सिह लोधी ,दुर्गा गोवा द्वाराअपने-अपनेविचार साझा किया.

रोजगार शिविर संपन्न

रहली. वन क्षेत्र के आसपास युवाओं, वन समिति सदस्यों को आत्म निर्भर बनाने रोजगार प्रदान करने दक्षिण वन मंडल के तत्वावधान में रानगिर स्थित वन विश्राम गृह में कौशल एवं रोजगार शिविर का आयोजन किया. जिसमें भारतीय औद्योगिक अनेक कंपनियों के अधिकारी उपस्थित हुए, जिन्होंने 18 से 34 वर्ष की उम्र के युवक व युवतियों के पंजीयन पर उन्हें कंपनी एवं कंपनी की नौकरी की जानकारी दी. शिविर में 500 युवक-युवती शामिल हुए.

पंजीकृत किसानों का 10 मार्च तक करें सत्यापन : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों, रकबा और बोई गई फसल का सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पंजीकृत किसानों का सत्यापन ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन की कार्यवाही के साथ-साथ तय समय-सीमा 10 मार्च तक तथ्यात्मक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपार्जन के समय किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि जिन किसानों के पंजीयन में दर्शाए गए रकबा/फसल और गिरदावरी में अंतर है, उनका विशेष सत्यापन किया जाए। वहीं पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक किंतु 5 हेक्टेयर से ज्यादा रकबा दर्ज कराने वाले किसानों का सत्यापन अनिवार्य रूप से हो और 5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले सभी किसानों का सत्यापन किया जाए.

आरोप : पेट पर मारे घूंसे, इसलिए नवजात की मौत

बैतूल. जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में लापरवाही और दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है. 20 फरवरी की रात एक नवजात की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही बरतने, प्रसूता की तकलीफ को नजरअंदाज करने और उसके पेट पर घूंसे मारने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं.

इस घटना के बाद प्रसूता की मानसिक स्थिति बिगड़ गई है, जिसके चलते उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है. वर्तमान में प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन डॉक्टरों की टीम गठित

कर दी है. नवजात के पिता योगेश यादव ने बताया कि प्रसूता को दर्द बढ़ने पर ड्यूटी पर मौजूद नर्स को कई बार बुलाया गया, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने प्रसूता के साथ असंवेदनशीलता की सारी हदें पार करते हुए अपमानजनक टिप्पणी की. परिजन हंसराज के मुताबिक, देर रात करीब ढाई बजे जब प्रसूता का दर्द बहुत ज्यादा बढ़ गया था, तब नर्स को जगाने पर उन्होंने चिढ़कर अभद्रता की. परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रसव के दौरान स्टाफ ने महिला के पेट पर घूंसे मारे, जिससे गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई. इस अमानवीय घटना और नवजात की मौत के बाद प्रसूता गहरे सदमे में है और उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई है. महिला की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिवार को मजबूरन उसे जिला अस्पताल से ले जाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है.

3 डॉक्टरों की टीम करेगी जांच, नर्स व स्टाफ को नोटिस: बैतूल जिला अस्पताल के सिविल सर्जन जगदीश घोरे ने इस पूरे मामले की पुष्टि की है और इसे गंभीरता से लिया है. उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए तीन डॉक्टरों की एक विशेष टीम गठित की गई है. ड्यूटी पर मौजूद संबंधित नर्स और चतुर्थ श्रेणी स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए हैं. सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी.

आकाश के श्रुत सिटी टॉपर रहे

नवभारत न्यूज

सागर 24 फरवरी. आकाश एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के श्रुत जैन जेईई मेन में सिटी टॉपर रहे हैं. जिन्होने प्रथम चरण में 98.65 परसेंटल प्राप्त किया है.

संस्थान के अस्टिेंट डायरेक्टर अनूप कुमार और शाखा प्रबंधक राजेश मिश्रा ने श्रुत को सम्मानित किया. तिरुपतिपुरम निवासी आशीष जैन के पुत्र श्रुत ने कोचिंग के साथ-साथ 8 से 10 घंटे तक परीक्षा की तैयारी की.अस्टिेंट डायरेक्टर श्री कुमार ने बताया कि संस्थान 37 वर्षों से जेई और नीट की तैयारी देश के 415 ब्रांचों के माध्यम से कराता आ रहा है. मप्र में भी 17 ब्रांच है.

जंगली सुअर के शिकार में एक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 24 फरवरी. शाहगढ़ वन परिक्षेत्र की टीम ने जंगली सुअर का शिकार करने और उसका मांस बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. इस आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

वन विभाग को सूचना मिली थी कि उप वनक्षेत्र हीरापुर की वीट तिगोड़ा स्थित खेत में जंगली सुअर का शिकार कर उसका मांस खाया जा रहा है. इस सूचना के आधार पर परिक्षेत्र अधिकारी सर्वेश सोनी के निर्देश पर हीरापुर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जीपी गौतम की टीम ने तिगोड़ा निवासी मानक लोधी के खेत में बनी अस्थायी झोपड़ी पर दबिश दी.तलाशी के दौरान झोपड़ी के पास खेत की मेड़ पर घास में छिपाकर रखा गया जंगली सुअर का मांस पॉलीथिन में मिला. वन विभाग ने मांस जब्त कर आरोपी से पूछताछ की. मानक लोधी ने बताया कि उसके द्वारा शिकार किए हुए सुअर के मांस को बेचने और खाने के लिए रखा था, इसके बाद वन विभाग की टीम ने मानक लोधी को गिरफ्तार कर लिया. परिक्षेत्र अधिकारी सर्वेश सोनी ने बताया कि आरोपी से करीब तीन किलोग्राम मांस बरामद किया गया है. उन्होंने पुष्टि की कि आरोपी ने पहले सुअर का शिकार किया और फिर उसके मांस का विक्रय करना था.

दो शातिर बाइक चोरों को पुलिस ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

आष्टा 24 फरवरी . पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है. ये बदमाश पलक झपकते ही बाइक लेकर फरार हो जाते थे. इन बदमाशों पर कई जिलों के थानों में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.

जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को फरियादी राजेश मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक सेमनरी रोड स्थित साहू गार्डन के पास से अज्ञात बदमाश चुरा ले गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई. टीम द्वारा घटना स्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरे के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान करते हुए आरोपी अनिल आ. बद्रीनाथ, विनोद पिता बद्रीनाथ राठौर निवासी ग्राम खड़ीहाट थाना पार्वती को चोरी गई बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के विरुद्ध चोरी, नकाबजनी, अवैध शराब परिवहन व मारपीट के अपराध देवास, भोपाल, इंदौर व राजगढ़ के थानों मं दर्ज बताए जाते हैं.

जनसुनवाई में समस्याओं का हुआ निराकरण

जनसुनवाई : पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

सागर 24 फरवरी. कलेक्टर संदीप जी.आर द्वारा देवरी में आयोजित जनसुनवाई में योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया.

देवरी में आयोजित विशेष जनसुनवाई में 300 से अधिक व्यक्तियों के समस्याओं का मौके पर ही अधिकारियों के माध्यम से निराकरण कराया. अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने बताया कि देवरी में आयोजित विशेष जनसुनवाई में आमजनों के 300 से अधिक अवेदनों को सुना गया. उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने एवं जिलेवासियों को उनकी समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु आयोजित विकासखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आमजन से आवेदन प्राप्त किए. अधिकांश आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को निराकरण किया गया तथा अन्य आवेदनों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई. जनसुनवाई में एसडीएम मुनव्वर खान, तहसीलदार प्रीति रानी चौरसिया मौजूद थीं.

गार्ड की भर्ती के लिए मोहनगढ़ में आज लगेगा शिविर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है.

आज 25 फरवरी को ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में, 26 फरवरी को सीएलएफकार्यालय दिगौड़ा में, 27 फरवरी को जनपद पंचायत जतारा में, 28 फरवरी को सीएलएफ कार्यालय बडागांव में, 2 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय बुडेरा में, 7 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय मबई में तथा 9 मार्च को जनपद पंचायत टीकमगढ़ में प्रात: 11 बजे से शाम 3 बजे तक भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा। भर्ती शिविरों में इन चयनित युवाओं को नीमच में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जायेगी.

पीजी कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन

टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शास पीजी कॉलेज, टैगोर हॉल कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ़ में 26 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से युवा संगम,रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, टीकमगढ़ जिले के समस्त बेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

विद्युत विभाग ने वसूली अभियान के तहत की कार्यवाही

नवभारत न्यूज पलेरा।

विद्युत वितरण केंद्र पलेरा अंतर्गत बकाया बिजली बिल वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पाली, महेंद्र महेवा,बूदौर,गुड़ा एवं टोरी में विद्युत विभाग द्वारा कुर्की की कार्यवाही की जिसमें आधा दर्जन उपभोक्ताओं की मोटर साइकिल जब्त की गई ।

इन पर तीन लाख विद्युत राजस्व बकाया था। जानकारी के अनुसार बिजली बिल वसूली अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं पर राशि बकाया होने पर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। सहायक अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा द्वारा उपभोक्ताओं से कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए बकाया बिल की राशि समय पर जमा करने की अपील की है। उक्त कार्यवाही में लाइनमैन जनक सिंह कुशवाहा, आउटसोर्स कर्मचारी भागीरथ अहिरवार, सुनील यादव, अरविंद सूत्रकार, गौरव सेन,दिनेश अहिरवार,अंकुर खरे, राजेन्द्र मिश्रा की अहम भूमिका रही।

55 हजार की अवैध शराब जब्त

नवभारत न्यूज

सिरोंज 24 फरवरी, जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने सिरोंज क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 55 हजार रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त की है.

जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी साधना पटेल के नेतृत्व में सोमवार को सिरोंज क्षेत्र में अवैध मदिरा के संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर आबकारी टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी. कार्यवाही के दौरान 20 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 15 पाव अवैध मदिरा प्लेन, 500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया. जब्त की गई मदिरा एवं सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 55 हजार रुपये आंका गया है.

आबकारी विभाग द्वारा आरोपियों के विरुद्ध तीन प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है. इस पूरी कार्यवाही में आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही. जिला आबकारी अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

आक्रोश | परिवहन की नई नीति से बस ऑपरेटर आक्रोशित, दी हड़ताल की चेतावनी

2 मार्च से थम जाएंगे समस्त यात्री बसों के पहिए

नवभारत न्यूज

सीहोर 24 फरवरी. मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के शुरू होने से पहले ही इसका विरोध तेज हो गया है. परिवहन की नई नीति से नाराज जिले व प्रदेश के बस संचालक विरोध प्रदर्शन पर उतर आए हैं.

पिछले दिनों सागर में प्रदेशभर के बस ऑपरेटर्स ने एकत्रित होकर चेतावनी दी है कि जारी राजपत्र में जारी संशोधन को समाप्त नहीं किया तो 2 मार्च से जिले सहित प्रदेशभर में बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा. बस ऑपरेटर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे. जिलेभर से करीब 300

बसों का संचालन होता है. मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन की तरफ से स्थानीय प्रशासन को भी सूचना दी गई है. इसमें मुख्य रूप से तीन मांगें की गई हैं. यह कि 24 दिसंबर 25 के राजपत्र में संशोधन के प्रारूप को वापस लिया जाए और 29 जनवरी 26 को राजपत्र में किए गए संशोधित प्रकाशन को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए. साथ ही वर्तमान में जिस अवस्था में बस संचालन किया जा रहा है, उसे यथावत रखा जाए. मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन के विवेक राठौर ने बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश भर के सभी बस संचालकों के परमिट निरस्त कर कंपनी के नाम से बसों का संचालन करवाया जाए.

इससे बस ऑपरेटरों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा. कई लोग बेरोजगार हो जाएंगे. यात्रियों को किराया भी अधिक देना पड़ सकता है. इन्हीं सभी बातों को लेकर सीहोर सहित प्रदेशभर के 54 जिलों के पदाधिकारियों की बैठक में विरोध की रणनीति तय की गई है.

छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया

हैदरगढ़. शासकीय पीएम श्री बालक माध्यमिक शाला हैदरगढ़ स्पोर्ट्स कंपटीशन रखा गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इस कंपीटिशन में क्रिकेट वॉलीबॉल फुटबॉल रस्सी कूद बोरा रेस बैडमिंटन आदि खेलो का आयोजन किया गया बालक बालिकाओं ने प्रतियोगिताओं मैं भाग लिया उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए एवं इसके बाद सभी को नाश्ता कराया गया कार्यक्रम के मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच सुनील कुमार विश्वकर्मा उप सरपंच राकेश पंथी पत्रकार नरेंद्र सेन अमित जैन विवेक नामदेव एवं शाला प्रभारी कल्पना भावसार शिक्षक सुनीता लखेरा शोभा चौरसिया राजकुमारी कुशवाह आदि शिक्षक उपस्थित रहे.

अनूपपुर में पटवारियों पर कार्रवाई से आक्रोश

बैतूल। अनूपपुर जिले में पटवारियों पर हो रही प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में प्रदेशभर के पटवारियों में है। मंगलवार को मध्यप्रदेश पटवारी संघ की बैतूल जिला इकाई ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कार्यकारी जिलाध्यक्ष अवधेश वर्मा, संरक्षक जितेंद्र पवार के नेतृत्व में पटवारियों ने राजस्व विभाग मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव और आयुक्त भू-अभिलेख (ष्टरुक्त) के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन में बताया कि अनूपपुर जिला प्रशासन द्वारा पटवारियों का लगातार आर्थिक, मानसिक और प्रशासनिक उत्पीड़न किया जा रहा है। अनूपपुर में कई पटवारियों का वेतन महीनों से रोका गया है, बिना किसी अपील के अर्थदंड लगाए गए हैं और 30 से

अधिक पटवारियों को बिना नोटिस के निलंबित किया गया है। बैतूल इकाई ने इन कार्रवाइयों को तानाशाही करार देते हुए कहा कि वेतन पर कर्मचारी और उसके परिवार का अधिकार होता है, जिसे अनूपपुर कलेक्टर द्वारा अनुचित रूप से रोका गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि अनूपपुर जिले के पटवारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के पटवारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। घोषणा के अनुसार, 25 और 26 फरवरी को प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे.